दिनांक : 07.07.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्राजील में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में लिया हिस्सा। सम्मेलन के घोषणा पत्र में की गई पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा।
- मुख्यमंत्री आज लुधियाना में करेंगे रोड़ शो। प्रदेश में निवेष के लिये उद्योगपतियों से करेंगे चर्चा।
- प्रदेश में भारी बारिश से जन जीवन प्रभावित। जबलपुर में बरगी बांध के 9 गेट खोले गए।
- एजबैस्टन क्रिकेट टेस्ट मैच में भारत ने इंग्लैंड पर दर्ज की एतिहासिक जीत।

पीएम-ब्रिक्स सम्मेलन

ब्राजील के रियो द जेनेरियो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के घोषणा-पत्र में 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की गई है। ब्रिक्स नेताओं ने सीमा पार से आतंकवाद, आतंकवाद को संरक्षण और आतंकी गतिविधियों के लिए वित्त-पोषण सहित हर प्रकार के आतंकवाद से निपटने की प्रतिबद्धता दोहराई। इसके पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सम्मेलन के पहले सत्र में बहुध्रुवीय और समावेशी विश्व व्यवस्था पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि इसकी शुरूआत वैश्विक संस्थाओं में व्यापक सुधार के साथ होनी चाहिए। ऐसे उपाय केवल सांकेतिक नहीं होने चाहिए, बल्कि उनका वास्तविक प्रभाव स्पष्ट दिखना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने ‘बहुपक्षवाद, आर्थिक-वित्तीय मामलों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस’ पर आयोजित संपर्क सत्र में भाग लिया। श्री मोदी ने अपने संबोधन में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और बहुध्रुवीय विश्व के लिए उत्प्रेरक के रूप में ब्रिक्स के महत्व पर बल दिया।

मुख्यमंत्री-लुधियाना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज पंजाब के लुधियाना में रोड शो करेंगे और उद्योगजगत की हस्तियों से प्रत्यक्ष संवाद करेंगे। प्रदेश में निवेश आकर्षित करने के लिए यह राज्य के बाहर यह तीसरा आयोजन है।

*बेंगलुरु और सूरत के सफल आयोजन के बाद प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के लिए संवादों की तीसरी कड़ी के रूप में आज मुख्यमंत्री लुधियाना में रोड शो करने जा रहे हैं। टेक्सटाइल, मैन्युफैक्चरिंग, फूड प्रोसेसिंग और आईटी सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश साझेदारी के लिहाज़ इस आयोजन को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह आयोजन मध्यप्रदेश की औद्योगिक क्षमताओं, नीतिगत स्थिरता और निवेश-अनुकूल वातावरण को उद्योग समूहों के सामने प्रस्तुत करने का एक प्रभावी मंच होगा। मुख्यमंत्री कई प्रमुख औद्योगिक प्रतिष्ठानों का दौरा करेंगे। साथ ही इन वन टू वन चर्चा कर इन समूहों के साथ निवेश के बिंदुओं पर चर्चा करेंगे।*

दुग्ध उत्पादन- प्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाकर किसानों और पशुपालकों की आर्थिक उन्नति के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश के 50 प्रतिशत गांवों को दुग्ध नेटवर्क में लाने की रणनीति पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नई 381 दुग्ध सहकारी समितियों का गठन कर 9500 दुग्ध उत्पादकों को सहकारी डेयरी प्रणाली से जोड़ा गया है। मुख्यमंत्री कल भोपाल में पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग के वरष्ठि अधिकारियों से चर्चा कर रहे थे। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मध्यप्रदेश में डेयरी विकास योजना को क्रियान्वित करने के लिए आवश्यक संशोधन कर अधिक लाभकारी बनाने के निर्देश दिए थे। राज्य में दुग्ध उत्पादन की 72 प्रतिशत संभावित क्षमता को कवर करने और बाजार पहुंच को 15 प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कश्मीर में धारा 370 के विरोध के साथ ही राष्ट्र हित के अनेक मुद्दों पर निरंतर कार्य किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल भोपाल में संस्कृति विभाग द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की 125 वी जयंती के अवसर पर में "एक देश एक विधान" विषय पर आयोजित वैचारिक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब देश में एक विधान हो गया है।

अच्छी खबर-बालाघाट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 123वें संस्करण में प्रदेश की सुमा उईके की कहानी को देश के सामने प्रस्तुत किया। सुमा उइके द्वारा स्थापित दीदी कैंटिन और महिला थैरेपी सेंटर आज बालाघाट ही नहीं देश के लिए एक मिसाल बने हुए हैं।

*वीओ-1- बालाघाट जिले के कटंगी विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम भजियापार की सुमा उइके जो कि आदिवासी बाहुल्य ग्राम में रहने वाली अपने परंपरागत रीतिरिवाज में जीवन यापन करती थीं और अपने घर गृहस्थी के कार्यों में रहा करती थीं। आजीविका मिशन के कर्मियों द्वारा स्व-सहायता समूह के बारे में ग्राम में जानकारी दी गई। सुमा दीदी ने अपने आस-पास के परिवारों की महिलाओं को एकत्रित कर आदिवासी आजीविका विकास स्व-सहायता समूह बनाया समूहो की बैठक में महिलाओं को कृषि एवं पशु पालन का प्रशिक्षण, व्यवसायिक प्रशिक्षण, नए व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए लोन की जानकारी दी। सुमा उइके ने चर्चा करते हुए बताया...*

*वीओ-2 घाट कलेक्टर मृणाल मीना ने चर्चा करते हुए बताया कि ....*

*बाइट-2- मृणाल मीना, कलेक्टर बालाघाट*

*वीओ-3- सुमा उइके ने ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने और स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प से न केवल अपने समुदाय बल्कि पूरे देश के लिए एक मिसाल कायम की है। आकाशवाणी समाचार के लिए बालाघाट से मैं श्रीनिवास चौधरी....*

महाकालेश्वर सवारी

श्रावण-भादो-मास में उज्जैन में निकलने वाली भगवान श्री महाकालेश्वर की सवारियों की इस बार अलग-अलग थीम होगी। प्रथम सवारी 14 जुलाई को वैदिक उद्घोष की थीम पर होगी। सावन माह में प्रतिदिन शाम को सांस्कृतिक संध्या में प्रसिद्ध कलाकारों की प्रस्तुतियाँ होगी। प्रथम सवारी में पालकी में श्री मनमहेश के रूप में भगवान दर्शन देंगे।

बारिश

प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में बारिश से जनजीवन प्रभावित होने लगा है। राज्य के 34 जिलों में तेज बारिश से कई क्षेत्र जल मग्न हो गये हैं। जबलपुर में बरगी डेम के 9 गेट खोल दिए गए हैं। लगातार हो रही बारिश को देखते हुए जबलपुर और मंडला में जिला कलेक्टर ने आज और कल जिले के सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में अवकाश की घोषणा की है। डिंडौरी में भारी वर्षा के चलते आज स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित किया गया है। मंडला, डिंडोरी में भारी बारिश के चलते प्रशासन ने निचले इलाकों के लिये अलर्ट जारी किया है। नर्मदापुरम जिले में भी भारी बारिश हो रही है। यहाँ पिछले 24 घंटे में प्रदेश की सर्वाधिक बारिश बनखेड़ी तहसील में 7.1 इंच हुई है। भारी बारिश के कारण नर्मदा नदी का जलस्तर सामान्य से 4 फीट ऊपर पहुंच गया है। कटनी में नदी नाले उफान पर हैं। वहीं शहडोल में भी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। इंदौर और भोपाल में भी हल्की बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने आज के लिए जबलपुर, सिवनी, बालाघाट, मंडला और दमोह जिलों के लिए अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। बाकि जिलों के लिए बारिश का यलो अलर्ट है।

भारत इंग्लैंड क्रिकेट

भारत ने बर्मिंघम के एजबेस्टन में एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के दूसरे क्रिकेट टेस्ट में इंग्लैंड पर 336 रनों की ऐतिहासिक जीत दर्ज की। इसके बाद श्रृंखला में 1-1 से बराबरी पर आ गई है। इस मैदान पर यह भारत की पहली टेस्ट जीत हैं।

इस जीत में आकाश दीप ने 10 विकेट और मोहम्मद सिराज ने 7 विकेट लिए। 5वें दिन भारत के 608 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए कल इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में 271 रन पर ऑल आउट हो गई। भारत ने पहली पारी में 587 रन बनाए थे जबकि इंग्लैंड की पहली पारी 407 रन पर सिमट गई थी।

कप्तान शुभमन गिल ने इस मैच में 430 रन बनाए। गिल को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। गिल एक टेस्ट मैच में सबसे अधिक रन बनाने वाले दूसरे खिलाडी बन गए है। तीसरा टेस्ट मैच 10 जुलाई से लॉर्ड्स में खेला जाएगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- राज्य शासन ने भारतीय प्रशानिक सेवा के नौ अधिकारियों का तबादला किया है। राजेश राजौरा की जगह अब नीरज मंडलोई को मुख्यमंत्री का अपर मुख्य सचिव बनाया गया है।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव राष्ट्रीय मछुआ दिवस पर 10 जुलाई को राज्य स्तरीय निषाद राज सम्मेलन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में कालिदास संस्कृत अकादमी परिसर उज्जैन में शामिल होंगे।
- अनूपपुर जिले में रीवा अमरकंटक मुख्य मार्ग पर किरर घाट की सजहा पुलिया टूटने से एक कार बह गई, जिससे 4 लोग डूब गए है।
- सीहोर जिले में कल वीडियो कांन्फेसिंग के माध्यम से पुलिस विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का मेडिको लीगल केस एवं पोस्टमार्टम प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया।
- इंदौर जिले में पिछड़ा वर्ग कल्याण योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक में कल आयोग के अध्यक्ष हंसराज अहीर ने योजनाओं की प्रगति प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी व जवाबदेह बनाने पर बल दिया।
- जम्मू के भगवती नगर शिविर से आज अमरनाथ यात्रियों का छटा जत्था रवाना हुआ। जिसमें 8 हजार 600 श्रद्धालु हैं।

-------------